हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 17 जुलाई 2025

06 पानी की चोरी और पानी से छेड़छाड़ जैसी संभावित...



10 महिलाओं को आर्थिक सशक्त करने के लिए एक...





**नागद्वारी यात्रा:** नाग पंचमी पर उमड़ेगा भक्तजनों का सैलाब 10 दिवसीय होगा धार्मिक आयोजन

# शिव की नगरी पचमढ़ी में 19 से शुरू होगी नागद्वारी यात्रा, प्रदेश के अनेक जिलों से करीब 8 लाख श्रद्धालु करेंगे महादेव बाबा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नागद्वारी यात्रा को नाथद्वारा यात्रा की उपाधि दी गई है, जो भगवान शिव की उपासना और आराधना का प्रतीक है।

◆ 10 दिवसीय यात्रा सतपुड़ा के घने जंगलों के बीच में मौजूद नागद्वार गुफा मंदिर तक ले जाती है यह यात्रा काफी कठिन मानी जाती है करीबन 15 किलोमीटर की इस यात्रा में भक्तजन जंगलों के दुर्गम रास्ते से होकर मंदिर तक पहुंचते हैं।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पचमढ़ी में नाग पंचमी पर्व पर आयोजित होने वाले नागद्वारी मेले का आयोजन परंपरानुसार किया जा रहा है। प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन इस बार 19 जुलाई से 29 जुलाई तक रहेगा। मेले में जिले ही नहीं अपितु प्रदेश के अन्य जिलो से भी शिवभक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने दुर्गम रास्तों से होकर दर्शन करने पहुंचते हैं। पिछले वर्षो के आंकड़ों के हिसाब से नागद्वारी मेले में करीब 5 से 7 लाख श्रद्धालुओं का आना होता है ऐसे में जिले में यह एक बहुत बड़ा आयोजन होता है। नागद्वारी मेला धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ पर्यटन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण होता है जिसमें देश के अनेक हिस्सों से पर्यटक आते हैं और प्रकृति का आनंद लेते हैं।




### पुरुष-प्रकृति का अनूठा संगम

भक्ति भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक अभिन्न अंग है। यह सिर्फ पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं, बल्कि भगवान के प्रति अगाध प्रेम, समर्पण और विश्वास की एक अविरल धारा है। सृष्टि के संचालन के लिए पुरूष और प्रकृति का मिलन आवश्यक है ऐंसे भगवान शिव पुरूष हैं जो मां प्रकृति के सानिध्य सृष्टि सृजन करते हैं जो अपने आप में ही आत्ध्यात्मिक महत्व रखता है।

### यात्रा के दौरान बारिश की होती है अहम भूमिका :

नागद्वारी की पूरी यात्रा जंगली क्षेत्र में की जाती है एवं मंदिर स्थल भी पूरी तरह गहरे वन में मौजूद है ऐसे में बारिश ही एकमात्र सहारा है जो यात्रा पर जा रहे भक्तजनों की प्यास एवं अन्य सुविधाओं के लिए जल मुहैया कराती है। प्रशासनिक विभागों द्वारा ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि बरसाती जल इकट्ठा होकर पाइपों के जरिए बनाए गए सुविधा स्थलों तक पहुंचता है जिनका उपयोग यात्रा में आए शिव भक्त आसानी से करते हैं।



### अनुभव बताते हैं

यह यात्रा केवल आर्टिकल शिप का एक टॉपिक नहीं है यात्रा हमें धर्म आध्यात्मिक ईश्वर प्रकृति इन सब से तो जोड़ती है साथ ही यह हमें जोड़ती हैं अपने आप से जो आज के इस दौर में सबसे महत्वपूर्ण है।

### चुनौती नागद्वारी यात्रा

इस यात्रा का उद्गम पॉइंट नागफ़नी है जो की धूपगढ़ मार्ग पर स्थित है। यह यात्रा नागफ़नी से शुरू होती है और नागद्वार मंदिर तक पहुंचती है। मंदिर स्थल पहुंचने का रास्ता काफी कठिन है। यह 15 किलोमीटर का पैदल ट्रैक श्रद्धालुओं के लिए बड़ी चुनौती साबित होता है। यह पैदल मार्ग पूरी तरह घने जंगलों के बीच मौजूद है एवं पथरीला रास्ता, बरसाती नाले,उतार चढ़ाव इस यात्रा को परीक्षामय में बनाते हैं। वहीं यात्रा की शुरूआत प्रशासनिक विजिट से होती है।

## खबर संक्षेप

### हरदा में हुई घटना को लेकर आज देंगे ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** विगत 13 जुलाई को हरदा में राजपूत समाज के लोगों पर हुई बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे स्थानीय पीपल चौक पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन राजपूत परिषद एवं करणी सेना परिवार व सर्व राजपूत समाज संगठन एवं सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एक ज्ञापन कलेक्टर को सौपा जाएगा। जिसमें हरदा जिले में हुई घटना के विरोध में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जावेगी। राजपूत समाज, करणी सेना एवं ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### कॉर्टिकोबेसल सिंड्रोम शिविर में हुई जांच

**नर्मदापुरम।** गत दिवस संकल्प नशा मुक्ति केंद्र मालाखेड़ी नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के दिशा निर्देश में सीबीएस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नशा मुक्ति केंद्र में निवासरत 16 पुरुषों को शाकिर अली के द्वारा एचआईवी एड्स, टीबी टीबी, एवं यौन रोगों के बारे में विस्तृत बताया गया।

नाराज किसानों ने मानी अधिकारियों की बात, बोले-बेहतर व्यवस्थाएं बनाई जाएं

# किसान फिर हुए परेशान, रोके वाहनों के पहिए, हाइवे पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में किसानों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। 30 मिनट तक वाहन नहीं निकल सके। इस दौरान तहसीलदार, एसडीओपी और कृषि विभाग के अधिकारी पहुंचे।

उनकी समझाइश के बाद जाम खुल सका। किसानों ने सर्वेयर, वेयरहाउस कर्मचारियों पर मनमानी के आरोप लगाए हैं। इससे दो दिन पहले भी किसानों ने विरोध किया था। नर्मदापुरम के माखननगर में दुर्गेश वेयरहाउस पर बने समर्थन मूल्य केंद्र पर बुधवार को किसानों ने हंगामा किया। उन्होंने नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। किसान प्रशासन, वेयरहाउस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

एक बार फिर शासन की व्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने बुधवार को हाइवे पर चक्काजाम कर दिया जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। इस दौरान अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।



### आखिर क्या है मामला?

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला संयोजक चंद्रकांत डोब्बाल ने कहा सर्वेयर केंद्र पर बेचने के लिए आई मूंग से भरी सभी गाड़ियों को ग्रेडिंग कराकर लाने का कह रहे। एक किसान जिसकी साफ ग्रेडिंग की मूंग है। बावजूद सर्वेयर दोबारा पंखा लगाने की कह रहे। मनमानी से नाराज किसानों ने बुधवार दोपहर 2.30 बजे नारेबाजी करने लगे।

### अधिकारियों ने समझाया, तब माने

कुछ देर बाद गाड़ियां सड़क पर लगाकर पिपरिया स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही तहसीलदार अंकित मोरे, कृषि विभाग के एसएडीओ साहिल साहू समेत अन्य मौके पर पहुंचे। किसानों को समझाया तब जाकर चक्काजाम खत्म किया। इसके बाद ही खरीदी शुरू हो सकी। जाम की वजह से हाईवे पर यातायात भी शुरू हुआ। जाम के दौरान बड़ी संख्या में गाड़ियों की लंबी कतार गई थी।

### पहले भी कर चुके हैं चक्काजाम

मूंग खरीदी केंद्रों पर परेशानी और मूंग रिजेक्ट की समस्या को लेकर किसानों ने 14 जुलाई सोमवार को किसानों ने शोभापुर में चक्काजाम किया था। तब करीब 45मिनट हाईवे बंद रहा था। मूंग खरीदी केंद्रों पर सर्वेयर द्वारा सख्ती से मूंग की जांच पड़ताल की जा रही है। अच्छी और साफ मूंग को भी रिजेक्ट या ग्रेडिंग करके लाने का कह रहे। किसानों से बदतमीजी तक हो रही।

### किसान फिर परेशान

मूंग उपार्जन को लेकर कलेक्टर बैठक की गई थी जिसमें प्रति हेक्टेयर 12 क्विंटल मूंग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने, एक किसान से तीन दिन में 100 कुंटल का तीन बार में बिल बनवा सकने, मूंग एफएक्यू ही खरीदे जाने, साफ मूंग की खरीदी की जाने तथा आदि पर चर्चा की गई थी। वहीं ब्लॉक स्तर पर बनाई उपार्जन समिति द्वारा ध्यान न देने से किसान परेशान हो रहे है।

## सूने मकान में चोरों ने बोला धावा लाखों के जेवर सहित नगदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के इटारसी रोड डबल फाटक के पास एक सूने मकान में 14 जुलाई को दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और 80 हजार रुपए नकद चुरा लिए। यह वारदात सुबह 10 बजे से रात 9 बजे के बीच की है, जब मकान मालिक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने गया था। फरियादी हरिओम दुबे ने बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। 14 जुलाई को वे परिवार सहित नर्मदापुरम में रिश्तेदार के यहां तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने सुबह 10 बजे निकले थे।

रात करीब 9 बजे जब वे लौटे, तो मकान का ताला टूटा मिला और दरवाजा खुला था। घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे जेवर और नकदी गायब थे उन्होंने बताया कि चोरों ने सोने का हार 6 सोने के कंगन, 2 सोने की चेन, 3 जोड़ सोने के झाले3 लेडिज अंगूठी, 2 जेंट्स अंगूठी, 1 चांदी का करधन, 1 जोड़ चांदी की पायल, 3 जोड़ पतली चांदी की पायल, 2 जोड़ चांदी के हाय चंद्रमा, 1 जोड़ सोने के पेंडल, 3 जोड़ बच्चों के सोने के मोती वाले कंगन, नकद रू 80 हजार ले गये। हरिओम दुबे ने मंगलवार रात 8 बजे देहात थाने में दी।

सूचना पर थाना प्रभारी सौरभ पांडे, प्रधान आरक्षक ललित नारे, आरक्षक कपिल और चेतन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस डबल फाटक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। चोरी की इस घटना से क्षेत्र के रहवासी चिंतित हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जिला कार्यक्रम अधिकारी ने हाई स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बहारपुर का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार बुधवार को श्री ललित कुमार डेहरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम द्वारा विकासखंड माखन नगर अंतर्गत हाई स्कूल बहारपुर एवं आंगनबाड़ी केंद्र बहारपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डेहरिया ने हाई स्कूल में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से चर्चा कर अध्ययन एवं अध्यापन संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने तथा विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## हाइवे पर मवेशी की समस्या से एनएचआई दिलाएगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बैतूल-औबेदुल्लागंज फोरलेन पर बारिश के दिनों में सड़क पर बैठने वाले मवेशियों से अब वाहन चालकों को राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ऐसे मवेशियों को हटाने के लिए स्वयं एक विशेष वाहन खरीद रहा है, जो इन्हें गौशाला तक पहुंचाएगा।

एनएचएआई की प्रबंधक अंजलि शर्मा ने बताया कि मवेशियों को ले जाने वाली इस गाड़ी की खरीद के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अगले तीन से चार दिनों में यह वाहन खरीदा जाएगा। गाड़ी बघवाड़ा टोल प्लाजा पर खड़ी रहेगी और सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचेगी। मानसून के दौरान फोरलेन पर मवेशियों के बैठने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

इससे न केवल वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि मवेशियों को भी नुकसान होता है। ऐसे में यह वाहन विशेष रूप से वर्षा ऋतु में सक्रिय रहेगा।

## नर्मदा महाविद्यालय में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में बुधवार को तीन दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला प्रारंभ हुई। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्ययन अध्यापन ,शोध कार्य और शिक्षण प्रणाली को किस प्रकार उन्नत ,प्रभावी और विकासोन्मुखी बनाया जा सकता है रहा।

कार्यक्रम की रूपरेखा और विषय प्रवर्तन करते हुए आई क्यु ए सी प्रभारी डॉ रवि उपाध्याय ने प्रस्तावित मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ अमिता जोशी, डॉ के जी मिश्र, डॉ बी एस आर्य,डॉ सुधीर दिक्षित, डॉ राजीव शर्मा, डॉ कमल चौबे ,डॉ सविता



गुप्ता, डॉ कल्पना विश्वास, डॉ सुमन यादव, डॉ, महेश मानकर, डॉ जय श्री नंदनवार,डॉ अंजना यादव,मेघा रावत,दीपा पालीवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एसटीआर में मिला एक वयस्क तेंदूए का शव टीम ने पोस्टमार्टम के बाद किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बागड़ा बफर जोन क्षेत्र में पिछले दिनों एक तेंदुए की मृत्यु हो गई है। मृत्यु का कारण किसी वन्यजीव से भिड़ंत को माना जा रहा है। वहीं बुधवार दोपहर बागड़ा बफर जोन क्षेत्र में ही तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया है।

असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि 15 जुलाई 2025 को बफर जोन क्षेत्र में एसटीआर कर्मी गश्ती कर रहे थे।



इस दौरान दोपहर लगभग 3:30 बजे वन परिक्षेत्र बागड़ा बफर की बीट उत्तर रानीपुर के में एक तेन्दुआ मृत अवस्था में मिला। तेंदुए के शव के समीप ही शिकार किये गए सांभर के अवशेष पाये गए। घटना की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शव को सुरक्षित किया गया। इसके बाद घटना स्थल की डॉग स्क्वाड से सघन जाँच कराई गई। तथा 16 जुलाई को एनटीसीए नई दिल्ली द्वारा तय प्रोटोकॉल के तहत तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जाँच में तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। शरीर में अन्य वन्यप्राणी के साथ संभावित भिड़ंत में चोट आई। पोस्टमार्टम कर तेंदुए का शवदाह किया गया।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में रोगी कल्याण समिति की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेंद्र चौकसे, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौड़, सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, सीएमएचओ नरसिंह गहलोत, अर्पित मालवीय, अनुराग तिवारी सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा वर्ष 2024-25 के रोगी कल्याण समिति के आय व्यय के विवरण पर चर्चा की गई। इसके पश्चात प्रस्तावित बिंदुओं पर चर्चा कर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।


मंगल भवन में आयोजित भागवत कथा में बोले महाराज

## श्रीमद् भागवत कथा आपको अपने व्यवहारिक जीवन में किस तरह से जीवन जीना है, इसकी कला सिखाती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण इस नश्वर संसार से मनुष्य की मुक्ति का मार्ग है। श्रीमद् भागवत कथा आपको व्यवहारिक जीवन में कैसे जीना है, किससे प्रेम करना है, किससे कैसा व्यवहार करना है यह सब सिखाती है। उक्त अधिकार श्री श्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी ने बैंगलोर निवासी श्रीमती मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार द्वारा आयोजित श्रीमती श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ दिवस पर बुधवार को सरला मंगल भवन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में व्यासपीठ से व्यक्त किए।

व्यासपीठ से युवराज स्वामी ने संबोधित करते हुए कहा कि समस्त



माता-पिता को अपने बच्चों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर विशेष नजर रखनी चाहिए। पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव हमारे देश और घर-घर तक पहुंच गया है। हम अपने संस्कार भूलकर अश्लीलता और फूहड़ता के पीछे भाग रहे हैं। बच्चे जिन्हें अच्छे बुरे की समझ नहीं है वे लोग सोशल मीडिया पर उपलब्ध अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट से प्रभावित हो रहे हैं। उनकी बुद्धि और विवेक भी क्षीण हो रहा है। युवराज स्वामी जी ने अपने बच्चों को भगवत मार्ग से जोड़ने का संदेश सभी माता-पिता को दिया।

प्रथम दिवस पर उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा माहात्म्य एवं श्री शुकदेव परीक्षित संवाद की कथा सुनाई। साथ ही उन्होंने संसार में प्रत्येक मनुष्य सतकर्म के द्वारा महान बन सकता है, जितने भी महान महापुरूष हुए है और जिन्हे आप मानते हो, उनका शरीर भी पांच तत्व का हमारे जैसा ही होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को उन के जैसा आचरण दिनचर्या, व्यवहार, सतकर्म करना होगा, तभी हम महान कार्य कर सकते। उन्होंने कहा बेईमानी झूठ, धोखा, भ्रष्टाचार की कमाई कचरे के बराबर हो जाती है। परमेश्वर की बनाई इस दुनिया में सच्ची-सुखशांति और आनंद भगवान की भक्ति से ही मिलता है। जिसका कर्म व्यवहार शुद्ध होगा उसी को प्रभु भक्ति, कथा, नाम स्मरण में आनंद आता है। जो झूठ बोलता, चोरी, नशा, धोखा, छल, कपट, दिखावा करता है उसका मन कभी भगवान को स्पर्श नहीं कर सकता। श्रीमद्भागवत कथा आपको सत्कर्म की राह पर चलने का उपदेश देती है। कथा में भागवत गोष्ठी के सदस्य रमेश चांडक, श्रीकांत मोलासरिया, सतीश बांगड़, अर्पण माहेश्वरी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 577 मिमी वर्षा दर्ज, नर्मदा 941.50 पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून 2025 से बुधवार तक को प्रातः 8 बजे तक जिले में 577.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 214.6 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 15 जुलाई 2025 से 16 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.0 मिमी, सिवनीमालवा में 1.0 मिमी, इटारसी में 0.6 मिमी, माखननगर में 9.0 मिमी, सोहागपुर में 0.0 मिमी, पिपरिया में 0.0 मिमी, बनखेड़ी में 2.6 मिमी, पचमढ़ी में 16.2 एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2025 से 16 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 600.6 मिमी, सिवनीमालवा में 489.0 मिमी, इटारसी में 481.4 मिमी, माखननगर में 408.0 मिमी, सोहागपुर में 639.0 मिमी, पिपरिया में 622.6 मिमी, बनखेड़ी में 804.4 मिमी, पचमढ़ी में 712.0 एवं तहसील डोलरिया में 435.6 मिमी कुल वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 941.50 फीट है, तवा जलाशय का 1154.90 फीट है, बरगी जलाशय का 416.70 मीटर एवं बारना जलाशय 345.78 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## खबर संक्षेप

### कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर तैयारी में जुटे युवा

**बैतूल।** श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा लगातार 5 वे वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, कावड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति के दर्जन युवा पिछले एक माह से तैयारी में जुटे हुए हैं आगामी 21 जुलाई को खेडी ताप्ती से निकलने वाली इस कावड़ यात्रा का विभिन्न मार्गों पर स्वागत सत्कार भी किया जाना है, यात्रा का समापन विनोबा वार्ड स्थित शिव मंदिर में होगा। आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सके इसके लिए नागरिकों और श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने के लिए समिति द्वारा आमंत्रण दिए जा रहे हैं। यह कावड़ यात्रा प्रातः 7 बजे खेड़ी ताप्ती से प्रारंभ होकर पूरे उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच विनोबा वार्ड स्थित श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक श्री शिव मंदिर विनोबा नगर में रूद्राभिषेक और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है। श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा समस्त नगरवासियों को कावड़ यात्रा एवं रूद्राभिषेक महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। समिति ने अपील की है कि श्रद्धालु इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शिवभक्ति में शामिल हों और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### अवैध कट्टे के साथ आदतन अपराधी गिरफ्तार

**बैतूल/आमला।** आमला थाना पुलिस ने निमझिरी तिराहे से एक शातिर अपराधी को अवैध कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी निश्चल एन. झारिया के निर्देशन में चल रहे अवैध हथियार विरोधी अभियान के तहत की गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आमला पुलिस को पता चला कि हसलपुर क्षेत्र के पास निमझिरी तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम ताईखेड़ा निवासी पिंटू खातरकर (38) पिता रामदयाल खातरकर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर का अवैध देसी कट्टा बरामद किया। आमला थाने में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध क्रमांक 477/25 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## दस सीसीटीवी कैमरों से हो रही फिल्टर प्लांट और माचना एनीकट की निगरानी

# पानी की चोरी और पानी से छेड़छाड़ जैसी संभावित घटनाओं पर लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका ने माचना एनीकट पर होने वाले हर मूवमेंट और गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये है। इन कैमरों के लगने से यहां पर पानी से छेड़छाड़ नहीं हो सकेगी और पानी से छेड़छाड़ की गतिविधियों पर भी विराम लगेगा। दरअसल नगरपालिका ने माचना नदी पर बने माचना एनीकट के आसपास 10 कैमरे लगाए हैं। ये कैमरे नदी और घाट को कवर करेंगे। जिससे पानी की चोरी और पानी से छेड़छाड़ की घटना पर नजर रहेगी। इसके अलावा पानी की मॉनिटरिंग भी इन कैमरों से की जा सकेगी। बता दे कि शहर में रोजाना एक करोड़ लीटर पानी की सप्लाई होती है। इसके लिए माचना नदी पर 15 फीट ऊंचाई एनीकट बनाया गया है। जिसमें 10 गेट लगे है और करीब 125 करोड़ लीटर पानी रुकता है। इससे शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। यहां पर सीमेंट-कांक्रीट की सीढियों वाला घाट भी है। घाट होने के कारण लोगों की आवाजाही भी होती है। कई बार असामाजिक तत्व और लोग यहां पर आ जाते हैं। जिससे हमेशा पानी से छेड़छाड और अप्रिय घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। इन्हीं संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगरपालिका ने सुरक्षा के लिहाज से निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये है।

### माचना में मिल चुकी है लाशें



चूंकि माचना फिल्टर प्लांट से पूरे शहर में पानी की सप्लाई होती है और फिल्टर प्लांट का एरिया संवेदनशील भी है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से निगरानी जरूरी है, क्योंकि यहां पर 2 बार लाशें मिल चुकी हैं। बायोमेडिकल वेस्टेज का बोरा भी यहां पर मिला था। यहां पर शरारती तत्व भी सक्रिय हैं, कई बार यहां पर पानी में रंग मिलाए जाने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। शाम को शराबी और असामाजिक तत्व भी कई बार यहां पर हुड़दंग मचाते हैं। ऐसे में कैमरे होने से शराबी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकेगी। खासकर पानी की सुरक्षा के लिए कैमरे आवश्यक भी थे।

### खेतों की सिंचाई के लिए होता था पानी चोरी

माचना एनीकट के समीप नदी के किनारे किसानों के खेत हैं। ये कई बार नदी से सिंचाई के लिए पानी लेते हैं। जलसंकट में नगरपालिका लाखापुर बांध से पानी लेती है, लेकिन इस पानी को कई बार किसान खेतों में सिंचाई के लिए ले जाते हैं। नपा कई बार मॉनिटरिंग और मोटरें हटवाने की कार्रवाई कर चुकी है। लेकिन इसके बाद भी पानी चोरी पर पूरी तरह विराम नहीं लग पाया था। ऐसे में नपा अमले को नजर रखनी पड़ती है, लेकिन अब कैमरे से निगरानी होगी। जिससे पानी चोरी की घटनाएं तत्काल सामने आ जाएगी और पानी चोरी पर भी विराम लगेगा।

### 10 कैमरे से हो रही निगरानी

नगरपालिका ने माचना एनीकट पर 10 कैमरे लगाये है। नगरपालिका सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि माचना फिल्टर प्लांट पर कैमरे लगाये है। जिससे कर्मचारियों के आने-जाने की मॉनिटरिंग के अलावा पानी की सुरक्षा भी हो रही है। चूंकि पेयजल सप्लाई काफी ज्यादा संवेदनशील कार्य है, इस कारण यहां कैमरे लगाए है। जिससे यहां होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती है। सबसे खास पानी के साथ छेड़छाड़ जैसे संभावित घटनाओं को लेकर यह सतर्कता बरती जा रही है, क्योंकि माचना एनीकट पर शवों के मिलने और बायोमेडिकल वेस्टेज का बोरा मिलने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी है।

### दस कैमरे लगाए हैं

चूंकि माचना एनीकट और फिल्टर प्लांट से शहर में पेयजल सप्लाई होती है। ऐसे में पानी के साथ संभावित छेड़छाड़ और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नगरपालिका द्वारा 10 कैमरे लगाये गये है।

**सतीश मटसेनिया, सीएमओ,** नगरपालिका बैतूल

## चलती ट्रेन से गिरा युवक, दोनों पैर कटे



**बैतूल।** बैतूल रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा स्टेशन के आगे अंडरब्रिज के पास हुआ, जहां युवक के दोनों पैर ट्रेन से कट गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक धार जिले के अमझेरा गांव का रहने वाला है। जितेंद्र मंडलोई अपने बहनोई के साथ संघमित्रा एक्सप्रेस से घोड़ाडोंगरी से बैतूल आ रहा था। घटना के चश्मदीद और युवक के बहनोई प्रदीप चौधरी ने बताया कि हादसे के वक्त वे दोनों ट्रेन के गेट पर खड़े थे। जैसे ही ट्रेन बैतूल स्टेशन के पास धीमी हुई, किसी ने अचानक उन्हें पीछे से धक्का दिया। प्रदीप किसी तरह खुद को बचा पाए, लेकिन उनका साथी नीचे गिरकर ट्रेन की चपेट में आ गया। हालांकि घायल युवक ने बयान में कहा कि उसे याद नहीं कि धक्का दिया गया या वह खुद गिरा। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी प्रभारी रविश कुमार बल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पहुंचाया।

## बिजली विभाग शाहपुर की कार्य गति से परेशान हुए ग्रामीण



**शाहपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोहागपुरढाना के ग्रामीण लगभग डेढ़ माह से बिजली की समस्या से परेशान है। ग्राम सोहागपुरढाना के निवासी अरविन्द वर्मा और पंकज रजने ने बताया कि ग्राम में बिजली की समस्या लगभग डेढ़ वर्ष से बनी हुई है। जिसके लिए 31 मई को सूचना आवेदन के माध्यम से बिजली विभाग के शाहपुर के अधिकारियों को दी थी। अधिकारियों के द्वारा केवल आश्वासन दिया गया, कि बस जल्दी ही ठीक करा देते हैं। परंतु अभी तक बिजली विभाग शाहपुर के द्वारा ग्राम सोहागपुरढाना की बिजली ठीक नहीं की गई। आज सभी ग्रामीण पुनः आवेदन देने के लिए शाहपुर विद्युत कार्यालय पहुंचे। बिजली विभाग शाहपुर के अधिकारी के द्वारा बिजली केबल की व्यवस्था करने की बात कही गई। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के बार-बार आने जाने से उनके विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं।

### नपा में आयोजित हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

## ताप्ती जन्मोत्सव में सहभागिता के लिए किया सम्मानित

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई में मां ताप्ती जन्मोत्सव 2025 पुरस्कार वितरण समारोह नगर पालिका परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मां ताप्ती की पूजा-अर्चना कर किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने मां ताप्ती छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस वर्ष ताप्ती जन्मोत्सव में पुलिस सहित सभी स्थानीय विभाग, पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय रही, सभी ने अपने-अपने माध्यम से मां ताप्ती का संदेश जन जन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके कारण ताप्ती जन्म उत्सव पर ताप्ती तट पर श्रद्धालुओं का ऐतिहासिक आगमन हुआ। वर्षा गढेकर ने ताप्ती जन्मोत्सव में मिले सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम के माध्यम से ताप्ती जन्मोत्सव में विभिन्न विधाओं के प्रदर्शन एवं आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, सभापति पार्षद गण, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, नगर परिषद के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नगरवासी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों ने कहा कि माँ ताप्ती जन्म उत्सव, मां ताप्ती का धार्मिक एवं पौराणिक महत्व एवं सांस्कृतिक विरासत को आम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। समारोह में माँ ताप्ती बनो प्रतियोगिता,चित्रकला, निबंध, भाषण, रंगोली, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण जैसे आयोजनों के विजेताओं को शील्ड, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## एसआईएफ बैतूल संस्था जिले में चलाएगी आईएसएम अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

सेव इंडियन फैमिली (एसआईएफ बैतूल) द्वारा जिले में आईएसएम (इंस्टाग्राम से मुकदमा) नामक अभियान शुरू किया गया है, जिसमें युवाओं को जागरूक किया जाएगा कि सोशल मीडिया की दोस्ती कैसे गंभीर कानूनी संकट में बदल सकती है। एसआईएफ का मानना है कि जब किसी युवक पर झूठा केस दर्ज होता है, तो उसका पूरा परिवार प्रभावित होता हैं। एफआईआर में लडक़े के साथ-साथ पूरे खानदान का नाम जोड़ दिया जाता है। ऐसे पीड़ित परिवारों को एसआईएफ बैतूल की ओर से मानसिक परामर्श, कानूनी सलाह और नैतिक सहयोग मुफ्त में दिया जाता है ताकि वे बिखरें नहीं पूरी ताकत से कानूनी लड़ाई लड़ सकें। एसआईएफ बैतूल के प्रतिनिधि, पुरुष मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञ डॉ. संदीप गोहे ने बताया सोशल मीडिया पर उपलब्ध प्लेटफॉर्म अब ब्लैकमेलिंग और फर्जी केस के शिकार बनाने का अड्डा बनते जा रहे हैं। बैतूल जिले में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। अब ऐसे मामलों को लेकर गंभीरता से आवाज उठाई जा रही है। डॉ. संदीप गोहे ने मुलताई थाना प्रभारी देवकरन डेहरिया से मिलकर थाना क्षेत्र में बढ़ रही घटनाओं पर चिंता जताई और एसआईएफ द्वारा शुरू किए गए अभियान की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुलताई क्षेत्र में भी सोशल मीडिया के ज़रिए युवकों को फंसाने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी आईडी बनाकर पहले लड़कियां दोस्ती करती हैं, फिर किसी बहाने से ब्रेकअप या बहस के बाद झूठे केस की धमकी देती हैं। इसके बाद युवक से पैसे ऐंठने का सिलसिला शुरू होता है। कई मामलों में युवकों को मानसिक रूप से इतना प्रताड़ित किया जाता है कि वे आत्महत्या तक कर लेते हैं।

### बच्चों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

## नर्मदापुरम आईजी पहुंचे बैतूलबाजार के संदीपनी स्कूल



**बैतूल।** प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को बैतूलबाजार स्थित सांदीपनी स्कूल में भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम रेंज के पुलिस महानिरीक्षक आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला शामिल हुए। दोपहर 2 बजे से आरंभ हुए इस आयोजन में स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि भारत में नशे के कारण प्रतिवर्ष लगभग 15 करोड़ युवा प्रभावित होते हैं। बैतूल जिले में भी 1 जनवरी 2025 से अब तक 20 नारकोटिक्स प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 9 मामले गांजा और 11 मामले अफीम से संबंधित हैं। लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में की जा रही अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया है, जो वर्ष 2021 से संचालित थी। एसपी ने बताया कि अफीम एक ऐसा मादक पदार्थ है जिससे अन्य अनेक घातक ड्रग्स बनाए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशे के प्रभाव में आकर 78 नाबालिग बच्चों ने अपराध किए हैं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें, पढ़ाई में मन लगाएं और देश के उज्वल भविष्य का निर्माण करें।

### आईजी ने दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला ने भी बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और कहा कि यदि आपके आस-पास कोई व्यक्ति नशा करता है, तो उसे समझाइए और रोकिए। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों व जनप्रतिनिधियों को नशे से दूरी है जरूरी की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर विशेष रूप से न्यायिक मजिस्ट्रेट शर्मिला डीलवार, नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा एवं उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड़, प्राचार्य साधना हैंड्स ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

### सतपुड़ा जलाशय में बाढ़ आते ही खोले पांच गेट, तवा नदी उफनी



**सारनी।** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही झमाझम बारिश से सतपुड़ा जलाशय का लेवल लगातार बढ़ रहा है। बुधवार सुबह सतपुड़ा जलाशय का लेवल बढ़ते ही करीब 11 बजे 5 गेट 1-1 फीट की ऊंचाई पर खोल दिए गए हैं। सतपुड़ा डैम के गेट खोलते ही तवा नदी में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पांच गेटों से प्रति सेकंड करीब 8390 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल द्वारा सतपुड़ा की पहाडिय़ों के बीच निर्मित जलाशय की जल भरन क्षमता 1433 फिट है। फिलहाल जलाशय का लेवल 1430 फीट मेंटेन किया जा रहा है। इस लेवल को 30 जुलाई तक रखा जाएगा। सारणी क्षेत्र में सामान्य वर्षा 1500 मिलीमीटर रिकॉर्ड की जाती है। फिलहाल 505 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। बुधवार अलसुबह से 10 तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद ही सतपुड़ा जलाशय के एक-एक कर पांच गेट खोले गए हैं।

## कुनबी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 20 जुलाई को

**बैतूल।** क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक रविशंकर पारखे ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह 20 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे से शिवाजी सांस्कृतिक भवन, सदर, बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं अन्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह समिति के अध्यक्ष पी.आर. धोटे एवं कुनबी समाज के जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे ने प्रतिभागियों से नवीन मेडिकल स्टोर, कोठी बाजार एवं तरुण एजेंसी, सदर, बैतूल से आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं 17 जुलाई तक फार्म जमा करने का अनुरोध किया है।

## दिशा मीटिंग 17 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय व सांसद दुर्गादास उइके की अध्यक्षता में 17 जुलाई को दोपहर 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी विभागीय अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### श्रमिक संघ ने दिया एमडी के नाम ज्ञापन

## सतपुड़ा प्लांट सारणी में नहीं थम रहा ठेका श्रमिकों का शोषण

**सारणी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी में कार्यरत ठेका श्रमिकों के शोषण को लेकर भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर मनजीत सिंह के नाम मुख्य अभियंता सारणी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सतपुड़ा प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों के शोषण से जुड़े 12 बिंदुओं पर शीघ्र निराकरण के लिए मांग की गई। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सागर, महामंत्री विनोद भारती, उपाध्यक्ष प्रकाश गाठे, ने बताया कि मुख्य अभियंता वी के कैथवार एवं श्रम कल्याण अधिकारी नरेश पनवार को श्रमिकों के शोषण से जुड़े मामले में ज्ञापन सौंपने के पूर्व उन्हें प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों के हालात से भी अवगत कराया गया, उन्होंने बताया कि चार नंबर ईएसपी प्लांट में बोर्ड से ऑपरेशन मेंटेनेंस का ठेका तो क्रांति नाम की कंपनी ने लिया, परंतु पेटी पर इन्होंने यह कार्य बालाजी इंटरप्राइजेज सारणी को दे दिया और बालाजी इंटरप्राइजेज द्वारा ऑपरेटर को सहायक ऑपरेटर के नाम से पद देकर और कुछ फिटरों को सहायक फिटर एवं सहायक इलेक्ट्रीशियन नाम के पद बनाकर वेतनमान दिया जा रहा है, जो कि ठेका श्रमिकों के साथ अन्याय है।

### निराकरण करेंगे

ठेका श्रमिकों की समस्याओं के ज्ञापन को निराकरण के लिए जबलपुर मुख्यालय भेज दिया गया है, जल्द निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

**- वीके कैथवार, मुख्य अभियंता, सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट सारणी**

### कलेक्टर ने जेएच कॉलेज में बीएलओ प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

# बीएलओ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें, त्रुटीरहित मतदाता सूची तैयार की जाएं

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार सभी बीएलओ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदाता सूची तैयार करने, जरूरी दस्तावेजों को भरने और संकलन करने संबंधी बारीकियों को अच्छे से समझे। त्रुटिरहित और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करने के अपने दायित्व को तत्परता से निर्वहन करें। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री जेएच पीजी कॉलेज बैतूल में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल सभी बीएलओ से कहीं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया और सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे प्रमाणित और विश्वसनीय निर्वाचन प्रक्रिया भारत की हैं। जिसमें त्रुटिरहित मतदाता सूची की अहम भूमिका होती हैं। जिसे तैयार करने के दायित्वों को पहले भी आप सभी सफलता पूर्वक निभाया हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को तल्लनीता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए और मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के अंत में सभी बीएलओ एक दूसरे के साथ प्रश्न उत्तरी सेशन करें। जिससे सभी पहलू पर ध्यान आकर्षित हो सकें। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण मतदान केन्द्र क्रमांक 101 से 200 तक के बीएलओ के लिए प्रथम एवं द्वितीय बेंच के अंतर्गत आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार दाबड़े एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नागेश पवार, धनराज सूर्यवंशी, हीरेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम सोनकुसले, कमलेश लिल्होरे, चंद्र हुरमाड़े, अभय जोशी द्वारा बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी किया से



उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद सभी बीएलओ को मतदाता सूची शुद्धीकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम जोडने से वंचित न रहे एवं अपात्र मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है, स्थानांतरण हो गया है, ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बीएलओ के कर्तव्य, संविधान की धाराएं एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों में निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करना, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बूथ लेवल एजेन्ट से समन्वय, फार्म-6, 7 व 8 एवं बीएलओ एप्प आदि के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण में प्रातः 10 बजे से पंजीयन कार्य, किट वितरण किया गया।

### छह चरणों में बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

बीएलओ को संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। द्वितीय चरण में जिम्मेदारियां, रोल-प्ले, बीएलओ ऐप, वीएचए ऐप तथा फार्म-6, 6ए, 7, 8 भरने का अभ्यास कराया गया। साथ ही एसआईआर विशेष गहन परीक्षण की प्रक्रिया समझाई। तृतीय चरण में भरे गए फार्मों का मूल्यांकन कर त्रुटिरहित कार्य का अभ्यास कराया। चतुर्थ चरण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध ई-मूल्यांकन लिंक के माध्यम से समस्त बीएलओ का मूल्यांकन किया गया।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करावें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नहीं। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. डी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. सूर्यप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

## पांच वर्षीय बालिका ने दान की राशि



सोहागपुर। हेल्थ पर्यावरण संरक्षण संस्था की सदस्य जयश्री लांझेश निवासी इटारसी की बिटिया नित्य लांझेश ने सहृदयता की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की है। नित्य ने अपनी पॉकेट मनी से भरी गुल्लक तोड़कर जरूरतमंद बच्चों की सहायता की है। नित्य लांझेश ने सोहागपुर के गुरुनानक पब्लिक स्कूल के जरूरतमंद बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक तथा अभ्यास पुस्तिकाएं अपनी पाकेट मनी से खरीदकर दी हैं। पांच वर्षीय नित्य की सहृदयता व समाज के प्रति अल्प आयु में सकारात्मक सोच की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है। सामग्री वितरण दौरान गुरुनानक पब्लिक स्कूल से ज्ञानी सुरजीत सिंह, प्रिंसिपल पूजा पुरोहित, जय लांझेश, छोटेलाल लाझेश उपस्थित रहे।

## पुराने जर्जर भवनों का डिस्मेंटल जारी

सोहागपुर। कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार नगरीय क्षेत्र सोहागपुर के जीर्ण शीर्ण जर्जर भवनों को तोड़ा जा रहा है। जनसुरक्षा की दृष्टि से भवन तोड़ने की यह कार्यवाही एसडीएम अनिल कुमार जैन एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार ई जा रही है।

### सड़कों पर गोवंश के कारण होती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रयास प्रारंभ

# निराश्रित मवेशियों को कहा-आवारा, नागरिकों ने जताई बैठक में आपत्ति

गोवंश के कारण होती दुर्घटनाओं व गोवंश क्षति रोकने के निर्देश कमिश्नर व कलेक्टर ने गत दिनों दिए थे। जिसके बाद बुधवार को जपं सोहागपुर में बैठक की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सड़कों पर गोवंश के कारण होती दुर्घटनाओं व गोवंश क्षति रोकने के निर्देश कमिश्नर व कलेक्टर ने गत दिनों दिए थे। जिसके बाद बुधवार को जपं सोहागपुर में बैठक की गई। जिसमें निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं में रखने के संबंध में चर्चा की गई है।

उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को कमिश्नर केजी तिवारी तथा 15 जुलाई को कलेक्टर सोनिया मीना ने सड़कों पर गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं व इनमें होने वाली गौवंश क्षति को लेकर बैठक की थी। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया था कि पशुपालकों तथा ग्रामीणों को गोवंश को सड़कों पर ना छोड़ने के लिए जागरूक करें। आदेश के पालनार्थ बुधवार को सोहागपुर जपं सभागार में बैठक की गई। जिसमें एसडीएम अनिल जैन, पशु चिकित्सक डॉ. संजय मालवीय, प्रभारी सीईओ प्रबल अरजरिया, नप से संजय परसाई, संजय पचौरी, एचएल परते, जपं से सतीश कुबरे व राकेश मालवीय, अहिंसा गौ सेवा केंद्र गौसेवक कमलेश जैन उपस्थित थे। बैठक में उन ग्राम पंचायतों के सचिवों से गौशालाओं की जानकारी ली गई, जहां गौशालाएं हैं। एसडीएम अनिल जैन ने कहा कि समन्वित प्रयास से जनहानि व पशुहानि को रोका जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश को सड़कों पर छोड़ने वालों के विरुद्ध जुर्माना व वैधानिक कार्रवाई की जाए।

### क्षमतानुसार रखो निराश्रित मवेशी

एसडीएम ने कहा कि हाईवे के समीप स्थित ग्राम पंचायतों में अस्थाई चौकीदारों की व्यवस्था करें व निराश्रित पशु गौशालाओं अथवा अस्थाई आश्रय स्थलों में भेजे जाएं। एसडीएम जैन ने कहा कि निराश्रित गौवंश को गौशाला में मवेशी रखने की क्षमता देख पहुंचाया जाए। विशेष रूप से सेमरी, सोहागपुर व शोभापुर क्षेत्र से मवेशियों को गौशालाओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इधर सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के आदेश अनुसार शहर में स्टेट हाईवे व अंदरूनी मार्गों से निराश्रित मवेशियों को हटाने एवं गौशाला तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### गोवंश को आवारा न कहें

बैठक दौरान अधिकारियों द्वारा बार-बार निराश्रित गौवंश को आवारा कहा जा रहा था। जिस पर अहिंसा गौशाला सोहागपुर के गौ सेवक कमलेश डब्बू जैन सहित नागरिकों तथा हरिभूमि परिवार ने आपत्ति व्यक्त की।

कमलेश जैन ने कहा कि यहां-वहां घूमने वाले गौवंश को मप्र सरकार ने निराश्रित कहा है। तो अधिकारी स्वयं बार-बार गौवंश को आवारा क्यों कह रहे हैं। गौवंश अपनी मर्जी से नहीं भटक रहा है। यह पशुपालकों की स्वार्थी सोच का परिणाम है। अतः गौवंश को आवारा ना कहें। नागरिकों के अनुसार यदि प्रशासन कार्रवाई को लेकर गंभीर है तो निराश्रित घूमते गौवंश के पशुपालकों को चिन्हित करें तथा उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जो कि गौवंश की वर्तमान स्थिति के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं।

# मूंग की चोरी करने के आरोपी पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पुरुषोत्तम रघुवंशी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी संजू राय टेका पर नगर मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ठाकुर राम जी ठाकुर एवं वह किसान जिनकी मूंग शिव शक्ति वेयरहाउस तरौनकला सहकारी समिति में ग्राम पंचायत खैरी कला 12 किसान एवं अन्यकिसानों के द्वारा सामूहिकरूपसे अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव को आवेदन दिया गया। जिसमें किसानों केदारा बताया कि 210कटटी मूंग भरकर किसान ले गए थे।

तुलाई प्रारंभ करने वाले आरोपी तुलावटी खान वशीम खान ठेकेदार बिहार राज्य से आए मुस्लिम समुदाय के मजदूरों ने लगभग 110क्विंटल मूंग की चोरी की है। जिनमें एक ही चोर पकड़ा गया है शेष रात में लापता हो गए हैं। 2 दिन बीतने पर भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। ग्रामपंचायत खैरी कला, बम्होरी कला, कल्लू खापा,पनारी कुमहाबड, उमरिया, आदि गांव के किसानों की मूंग की चोरी करने वाले तथा खरीदने वाले आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई जावे तभी किसान को न्याय मिलेगा । चोरी 4कटटी पुरषोत्तम रघुवंशी की अधिक मात्रा में भरी थी।13जुलाई से 15जुलाई 2025तक लगभग 300क्विंटल मूंग की चोरी कर ली गई है। पंचनामातैयार किया गया है।

सभी मूंग वेयरहाउस में रखी है पर वापस नहीं की है। झाड़न एवं चोरी की मूंग खरीदने वाले आरोपी की जांच कराई जाए। इस पर प्रबंधक राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें चोरी की जानकारी पुरी नहीं है जो तुलावटी खान चोरी करते हुए पकड़ा गया है उसे पुलिस को सौंप दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में पदम सिंह पटेल मदन गोपाल पटेल सुमित पटेल बलराम पटेल अरविंद पटेल हीरालाल रघुवंशी हरिसिंह पटेल महेश पटेल जसवंत पटेल प्रशांतरघुवंशी सोमेश पटेल सहित सैकड़ो की तादात में किसान उपस्थित रहे।

# कृष्णा पालीवाल को सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति अध्यक्ष का दायित्व, दुबे बने व्यवस्थापक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नेताजी सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति सोहागपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में प्रबंध समिति का निर्वाचन गत दिनों संपन्न हुआ है। जिसमें विद्या भारती प्रांत सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में नव पदाधिकारी घोषित किए गए हैं।

विद्यालय की प्रबंध समिति में गत दो कार्यकालों में सफल रूप से व्यवस्थापक का दायित्व संभाल चुके समाजसेवी कृष्णा पालीवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। कोषाध्यक्ष रहे संजीव दुबे को व्यवस्थापक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। 10 वर्ष अध्यक्ष रहे समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल को संरक्षक व विद्यालय के पूर्व छात्र देवराज पटेल को सचिव बनाया गया है। पूर्व में व्यवस्थापक एवं सचिव रहे राजाभैया पटेल को उपाध्यक्ष व पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सदस्य रूप में पूर्व छात्र तथा सराफा व्यापारी सौरभ सोनी को शामिल किया गया। लज्जा सिंगारे व मनोरमा प्रजापति भी समिति में सम्मिलित किए गए हैं।

विद्यालय प्राचार्य अशोक दुबे ने बताया कि बैठक उपरांत सभी ने विद्यालय की स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। क्लास प्रभारी ने अतिथियों को स्मार्ट बोर्ड की जानकारी दी व कहा कि इससे विद्यार्थी त्वरित किसी विषय वस्तु के बारे में पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। विद्या भारती प्रांत सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर सनातन मूल्यों को जीवंत रखते हुए आधुनिक शिक्षा नौनिहालों को दे रहे हैं। नव नियुक्त समिति अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल तथा व्यवस्थापक संजीव दुबे ने कहा कि आगामी समय में विद्यालय के भैया बहन सफलता के नव आयाम स्थापित करेंगे।

# गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज ने किया पौधरोपण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी की समस्त महिला मंडल ने बुधवार को श्री दयानंद सरस्वती आश्रम गुरुकुल तिलक सिंदूर पहुंचकर गुरुकुल के छात्रों को भोजन कराया एवं वृक्षारोपण किया।

इसमें नींबू, मुनगा, पीपल, जाम, नीम, कनेर, पपीता, आम ऐसे लगभग 15 पौधे, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किय। साथ ही सीड्स बॉल भी जंगल में डाले। यहां पर महिला मंडल की मीटिंग संपन्न हुई। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय, संरक्षक प्रभा मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना राजेंद्र मालवीय, निर्मला मालवीय, कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, ललित मालवीय, सीमा विश्वकर्मा, सहसचिव विभा मालवीय, संगठन मंत्री अनुसूया मालवीय, संगीता कैलाश मालवीय, मीनू मालवीय, रेखा मालवीय, एवं सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जीनियस प्लानेट में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन चयनित सदस्यों ने ग्रहण की स्कूल हेड शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए स्टूडेंट्स कैबिनेट का गठन हुआ। इस अवसर पर स्टूडेंट्स कैबिनेट को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाने के लिए डॉ सीतासरन शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक इटारसी नर्मदापुरम, पंकज चौरे अध्यक्ष नगर पालिका इटारसी, स्कूल संस्थापक हाजी यूनिस सिद्दीकी तथा स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य सुनील सचान अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। स्टूडेंट कैबिनेट में स्कूल हेड बॉय के रूप मे अक्षत यादव, स्कूल हेड गर्ल के रूप में अल्फिया खान ने शपथ ली। कैबिनेट में डिसिप्लिन कैप्टेन प्रार्थना पाराशर, हेल्थ एंड हाइजिन कैप्टेन कनिष्का तिवारी, सोशल कैप्टेन मौलिक कालवे, लैंग्वेज कैप्टेन अर्पित जैन और स्पोर्ट्स कैप्टेन सूरज सराठे को बनाया गया। इसके साथ चारों हाउस का गठन और उसके इंचार्ज टीचर को भी जिम्मेदारी दी गई। सिल्वर हाउस की हाउस इंचार्ज मैडम अमरीन खान, वही सिल्वर हाउस कैप्टेन अर्पित अंजीकर और वाइज कैप्टेन दीक्षा चौहान, गोल्डन हाउस इंचार्ज मैडम ख्याति पटेल, हाउस कैप्टेन हर्ष नितिन यादव और वाइस कैप्टेन आदित्य चौहान, प्लैटिनम हाउस इंचार्ज अभिषेक दयाल और हाउस कैप्टन आदित्य सैनी तथा वाइस कैप्टेन वैष्णवी यादव तथा डायमंड हाउस इंचार्ज मनोज तिवारी और हाउस कैप्टेन आस्था ठाकुर और वाइस कैप्टेन रितिका चौरे को बनाया गया। संस्था के संचालक जाफर सिद्दीकी एवं और प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया।

# पार्षद ने बारिश से बचने सफाई दूतों को वितरण की बरसाती




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर परिषद के सफाई मित्र और जलप्रदाय के कर्मचारियों को की बरसाती प्रदान की गई। माखन नगर बारिश के मौसम में नगर परिषद के कर्मचारी विशेष तौर से सफाई कर्मचारी नगर को स्वच्छकार्य में निरंतर लगे रहते हैं वहीं जलप्रदाय के कर्मचारी भी पेयजल व्यवस्था में लगे रहतेहै नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने 80 कर्मचारियों को रेन सूट प्रदान जिससे बारिश के मौसम में उनका कार्य प्रभावित न हो और बारिश से बचाव भी हो विशाल सरपंच नगर के पार्षद प्रतिनिधि गोलू मिश्रा महेश साहू सुरेश यादव नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर व्याख्यान माला डिजिटल और एआई कौशल की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्वरोजगार गाइडेंस पर व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कालेज प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने विद्यार्थियों को विश्व युवा कौशल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ साथ कौशल का सृजन भी करते रहना चाहिए यदि एक व्यक्ति स्वयं का उद्यम स्थापित करता है तो अनेक लोगों को रोजगार से लाभान्वित कर सकता है विश्व युवा कौशल दिवस पर, आइए हम परिवर्तन के वाहक के रूप में युवाओं की शक्ति को पहचानने के लिए एकजुट हों - और आज की चुनौतियों से निपटने तथा अधिक शांतिपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ भविष्य को आकार देने के लिए उन्हें एआई और डिजिटल कौशल से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध हों। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए.के यादव ने विश्व युवा कौशल दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सहयोग करें युवाओं की रोज़गार क्षमता बढ़ाने वाले जमीनी स्तर के नवाचारों का समर्थन करें कार्य के भविष्य के बारे में निर्णय में युवाओं की आवाज़ को बढ़ावा देना। वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ.नीरज विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

# पूर्व सीएम और पूर्व मंत्री ने घायल पार्षद प्रतिनिधि से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

विगत दिनों जनसेवा के दौरान घायल हुए पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित से मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं उनके सुपुत्र, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने हरदा प्रवास के दौरान लौटते समय सिवनी मालवा पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

उन्होंने दीक्षित जी के स्वास्थ्य की कुशलक्षेम जानी और शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। यह भेंट एक सच्चे जननेता और उनके परिवार की संवेदनशीलता व आत्मीय जुड़ाव को दर्शाती है।

दीपक दीक्षित का कहना है कि ऐसे क्षणों में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति न केवल हौसला बढ़ाती है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता उनके लिए परिवार की तरह है।

## डबल लॉक के माध्यम से किसानों को नहीं मिलेगा नैनो खाद

पिपरिया। किसानों को लगातार किसानों को लगातार प्रतिदिन आ रही डीएपी की समस्यालेकर किसान नेता सतपाल पलिया डबल लाख पहुंचे जहां पर डीएपी उपलब्ध नहीं था। डीएपी की जगह एनपी खाददियाजा रहा है। किसान अब एनपीके से धान की बुवाई कर रहा है। सतपाल ने बताया प्रबंधक भारत सिंह निमोदा प्रबंधन के द्वारा सभी खाद के साथ नैनो तरल डीएपी की बाटला जबरदस्ती दी जा रही थी। तथा एमपी एग्रो में बाबूलाल अहिरवार प्रबंधन 266रुपे 50पैसे में तथा हममालीसहत 272रुपे में देकर किसानों से 50पैसे अधिक मात्रा में लिए जा रहे हैं। डबल लाक पहुंचकर प्रबंधक भारत सिंह निमोदा को नैनो नहीं देने की बात कही गई है।जिस परप्रबंधन ने सहमति जताई है। डीएसपी का अभी तक कोई खबर नहीं है कब आएगी या नहीं।

### एसडीएम ने किया छात्रावास का निरीक्षण

# अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर एसडीएम अनिल जैन ने बुधवार की शाम आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। जहां उन्हें अव्यवस्थाएं मिलीं। जिसे लेकर जैन ने रोष जताया तथा वे अव्यवस्थाओं को लेकर रिपोर्ट बनाएंगे एवं उच्च स्तर के लिए पत्र लिखेंगे। उल्लेखनीय है कि छात्रावास का नया भवन सोहागपुर नवलगांव मार्ग पर बनाया जा रहा है।

जहां पुराना भवन स्थित था वहीं नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके चलते कुछ महीनो से बालक छात्रावास का संचालन सिविल कोर्ट के पीछे एक निजी भवन में किया जा रहा है। जिसका बुधवार को एसडीएम अनिल जैन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान छात्रावास अधीक्षक संजीव मौर्य अनुपस्थित मिले। जिस पर एसडीएम अनिल जैन ने नाराजगी व्यक्ति की है। छात्रावास की रसोई की व्यवस्थाएं भी संतोषजनक नहीं पाई गईं। इसके अलावा सभी शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए पाए गए। एवं जहां-तहां गंदगी नजर आई। हरिभूमि संवाददाता से चर्चा में एसडीएम अनिल जैन ने बताया कि अव्यवस्थाओं को लेकर वे उच्च अधिकारियों को निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्रवाई की अनुशंसा करेंगे। अधीक्षक से अनुपस्थिति बाबत जवाब भी मांगा जाएगा।

# विद्यार्थियों को स्कूल जाने निःशुल्क साइकिल पाकर खिल उठे चेहरे




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अन्य ग्रामों से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा नौवीं में प्रवेशित होने पर निशुल्क साइकिल वितरण किया जाता है ताकि छात्र-छात्राएं समय पर स्कूल आ सके ।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा एवं शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेड़ा मेआज स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कक्षा नौवीं हेतु निशुल्क साइकिल योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत सोमलवाड़ा की सरपंच श्रीमती दुर्गाबाई परते, पूर्व सरपंच विनय हरणे, समाजसेवी रवि गोरेवर तथा ग्राम हिरनखेड़ा में सरपंच प्रतिनिधि आशुतोष लुटोरिया,पंच शेख जमील की उपस्थिति में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं साइकिल वितरित की गई।

## सर्वेयरों ने जनसुनवाई में दिया ज्ञापन

पिपरिया। ग्राम पंचायत में सर्वेयरों के द्वारा गिरदा वाली के भुगतान एवं कार्य में आ रही समस्या के निवारणके तहसीलदार महेंद्रसिह को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें बताया गयाहै कि मध्यप्रदेश राजस्व विभागके द्वारा वर्ष 2024 जुलाई माह में प्रत्येक पटवारी हल्का में ग्राम फसल की गिरदा वाली हेतू सरवेयर नियुक्त किए गए थे। जिनके द्वारा लगातार काम भी किया जा रहा है खरीफ रवि फसलों की गिर्दावली को समय सीमा में पूर्ण किया गया है। तथा उसकेबाद किसने कीफार्मर आईडी बनाने तथा अभिलेख पोर्टल पर खसरा आधारलिंक करनेकेवाईसी करने का भी लगातार काम दिया गया। लेकिनजो मानदेय तय किया गया था। उसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इसलिए वेतन भुगतानकी मांग की गई है तथा दूरी निर्धारित क रने कीमांग की गई है। तथा स्थाई करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकेश पटेल मैली राजेश मैली कृष्ण कुमार शर्मा बालकिशन दीपक मुकेश आदि ने ज्ञापन दिया।

# खबर का असर: हरिभूमि अखबार ने उठाया था मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

आंचलखेडा- इन दिनों जिले भर में निराश्रित पशुओं ने सड़कों पर अपने बैठने का अड्डा बना लिया है जिससे पशुओं के साथ-साथ राहगीर वाहन चालक भी हाथों का शिकार हो रहे हैं जिसमें या तो वाहनों की टक्कर से पशुओं की मौत हो रही है या फिर छोटे वाहन चालक उन पशुओं से टकराकर घायल हो रहे हैं जिले के जवाबदार अधिकारी एक्शन मूड में आ गए हैं ।

उन्होंने पंचायतो मे निर्देश किए हैं कि कोई भी निराश्रित पशु सड़क पर नहीं बैठना चाहिए उनकी व्यवस्था कराई जाए जिस पर पंचायत ने भी निर्देश का पालन करते हुए सड़क पर बैठ रहे पशुओं को हटाकर अस्थाई तौर पर एकत्रित किए जा रहे हैं।दरअसल पिपरिया नर्मदापुरम राजमार्ग पर स्थित आंचल खेड़ा मे बस स्टॉप से लेकर लगभग आधा किलोमीटर के दायरे में सड़क पर पशुओं ने अपने बैठने का अड्डा बना लिया था जिससे रात्रि के समय वाहनों की टक्कर से पशु घायल एवं उनकी मौत हो रही थी साथ ही वाहन चालक भी इन पशुओ के कारण हादसों का शिकार हो रहे थे जिसको लेकर हरिभूमि अखबार ने गत दिवस पूर्व लगातार खबर को प्रमुखता से की थी तभी जिले के कलेक्टर सोनिया मीना, एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने पंचायत के सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया है। इधर अधिकारियों द्वारा पंचायत में निर्देश दिए हैं कि एक भी पशु सड़कों पर नहीं दिखना चाहिए जिसके लिए पंचायत द्वारा अस्थाई टीन सेट बनाया जाएगा जिसमें उन पशुओं को रात्रि में बैठने की व्यवस्था रहेगी जिसका काम भी शुरू हो गया है।

### योजना में महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा

# महिलाओं को आर्थिक सशक्त करने के लिए एक बगिया मां के नाम उपयोजना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत हरदा द्वारा मनरेगा योजनांतर्गत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए एक बगिया मां के नाम उपयोजना शुरू की गई है। इस योजना में महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया जाएगा और उनके जरिए ही योजना को संचालित किया जाएगा। जिला प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि एक बगिया मां के नाम योजना के तहत हितग्राही महिला को उनकी निजी भूमि पर गड्ढे खोदने, फलदार पौधरोपण करने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग और सिंचाई के लिए जलकुंड बनाने के लिए भी धन राशि प्रदान की जाएगी। उद्यान विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। पात्र स्व-सहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर स्वीकृत कार्यों में 15 अगस्त से 15 सितंबर के बीच पौधरोपण का कार्य कराया जायेगा। योजना में चयनित पात्र हितग्राही महिला या उसके परिजनों के नाम पर जमीन होना जरूरी है।




### योजना के तहत फलोद्यान तैयार किया जाएगा

*जिला प्रबन्धक कालेश्वर ने बताया कि हरदा जिले में एक बगिया मां के नाम के तहत प्रत्येक जनपद पंचायत को 100-100 पात्र हितग्राहियों के चयन का लक्ष्य दिया गया है। इस प्रकार जिले की तीनों जनपद पंचायत हरदा, खिरकिया एवं टिमरनी में 300 स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों के द्वारा एक बगिया मां के नाम योजना के तहत फलोद्यान तैयार किया जाएगा। इस उपयोजना के तहत सक्रिय स्वसहायता समूह की इच्छुक महिलाएं, जो मनरेगा अंतर्गत हितग्राही चयन हेतु पात्रता में आती हैं, अपनी निजी भूमि में आधा एकड़ से एक एकड़ जमीन में फलदार पौधे का बगीचा लगाकर योजना का लाभ ले सकेंगी।*

### मजदूरी की राशि सीधे खाते में आएगी

*कालेश्वर ने बताया कि मनरेगा परिषद द्वारा तैयार सिपरी एप के माध्यम से चिन्हित भूमि का परीक्षण कर उपयुक्तता की जांच की जाएगी साथ ही पौधरोपण के लिये पौधों की प्रजाति का भी चिन्हांकन किया जाएगा। योजना के तहत पौधा, खाद, कीटनाशक खरीदने के साथ मजदूरी की राशि सीधे हितग्राही के खाते में आएगी। पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की 2 मीटर के पोल लगाकर फेंसिंग की जाएगी और वर्ष भर सिंचाई के लिये पृथक से 50 हजार लीटर जलकुंड के निर्माण की व्यवस्था भी की गई है। बेहतर क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों की सहायता के लिए 25 एकड़ के क्लस्टर पर आजीविका मिशन से कृषि सखी को जिम्मेदारी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। श्री कालेश्वर ने बताया कि यह योजना तीन वर्ष की होगी, जिसकी लागत निर्धारित प्राकलन अनुसार आधा से एक एकड़ पर 100 पौधों के लिए दो लाख चौरासी हजार होगी।*

### कांवड़ियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, शांति भंग करने के प्रयास पर केस दर्ज

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक स्टेटस डालने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर धार्मिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट डालने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार, अनिकेत किरार पिता जमना प्रसाद किरार निवासी ग्राम उंद्राकच्छ ने थाना टिमरनी में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया।

**धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट**

जिसमें बताया गया कि युनुश शाह निवासी टिमरनी द्वारा कांवड़ियों को लेकर आपत्तिजनक भाषा जैसे ₹बेरोजगार, चोर, नशेड़ी, गुंडे, बदमाश₹ आदि शब्दों का उपयोग कर एक व्हाट्सएप स्टेटस पोस्ट किया गया। इस पोस्ट से हिन्दू धर्म एवं धार्मिक यात्रा से जुड़े जनमानस की भावनाएं आहत हुईं। अनिकेत के साथ विकाश शर्मा, भवानी राजपूत, संजय दुबे (धौलपुर कला) एवं ऋषि चंदेल (टिमरनी) ने भी उक्त स्टेट्स को धार्मिक उन्माद फैलाने वाला बताते हुए आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युनुश शाह के विरुद्ध थाना टिमरनी में अपराध क्रमांक 380/25 अंतर्गत धारा 223, 353(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। साथ ही, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इस्तगाशा क्रमांक 93/25 धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी युनुष पिता याकुब शाह (उम्र 48 वर्ष), वार्ड क्रमांक 15, टिमरनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ करें। धर्म, संप्रदाय या समुदाय विशेष को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करना न सिर्फ सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह कानूनी अपराध भी है, जिस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### खबर संक्षेप

#### पंचायतों में 18 से 21 तक लगेंगे शिविर

**हरदा।** राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किया जाना है। इसी क्रम में जिले की हरदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत में निवासरत हितग्राहियों के आधार कार्ड अपडेट कराने के लिये 18 से 21 जुलाई तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि 18 जुलाई को हनीफाबाद, साल्याखेड़ी, अबगांवकला, गहाल, कुकरावत, सोनखेड़ी, रोलगांव, कांकड़दा व नीलगढ़मामी में आधार कार्ड अपडेशन शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार 19 जुलाई को सिंगोन, मगरधा, झाड़पा व भुन्नास में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 21 जुलाई को बेसवा उबारी तथा बेड़ी में आधार अपडेशन शिविर आयोजित किये जायेंगे।

#### तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, एक घायल

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक हाईवे के डिवाइडर पर चढ़ गया। ट्रक ने पौधों की निंदाई कर रहे मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां सर्जिकल वार्ड में उसका इलाज जारी है। घायल की पहचान महेश ठाकुर (48) के रूप में हुई है। घटना इंदौर-बैतूल हाईवे पर ग्राम बेहरागांव के पास हुई। महेश के बेटे गोपी ने बताया कि उनके पिता और एक साथी मजदूर चारा इकट्ठा कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया और टक्कर मार दी। हादसे में महेश बेहोश होकर गिर पड़े, जबकि अन्य मजदूरों ने भागकर जान बचाई। चावल लेकर छत्तीसगढ़ से गुजरात जा रहा था ट्रक पुलिस के मुताबिक, ट्रक छत्तीसगढ़ से चावल भरकर गुजरात जा रहा था। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से वाहन असंतुलित हो गया। टिमरनी थाना पुलिस ने जांच कर रही है।

#### मदिरा अवैध विक्रय के 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा, टंकी मोहल्ला, ग्राम भुन्नास, आलमपुर, आदमपुर, शिव महिमा ढाबा भैरोपुर तथा ग्राम मझली में दबिश दी। दबिश के दौरान 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 25 पाव देशी शराब एवं 440 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 50675 रुपये है।

#### तुलसी पुण्यतिथि उत्सव 29 से आशीष बने अध्यक्ष

**खंडवा।** तुलसी पुण्यतिथि उत्सव समिति खंडवा का 2025 का वार्षिक आयोजन 29 जुलाई से 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस संबंध में समिति की वार्षिक बैठक मंगलवार शाम 6 बजे पूर्व अध्यक्ष नारायण नगर के निवास पर आयोजित की गई।



बैठक में पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने जानकारी दी कि तुलसी पुण्यतिथि समिति कई वर्षों से यह उत्सव धार्मिक, सामाजिक आयोजनों और राष्ट्रीय स्तर के कवि सम्मेलन के साथ मनाती आ रही है। लंबे समय तक समिति के अध्यक्ष रहे स्व. प्रेमचंद जैन और फिर नारायण नगर ने समिति की जिम्मेदारी संभाली। बैठक में 2025 के लिए नए अध्यक्ष के रूप में आशीष चटकेले का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे जितेंद्र बरौले और श्याम सोनी ने समर्थन दिया। इसके बाद सर्वसम्मति से आशीष चटकेले को अध्यक्ष घोषित किया गया। नए पदाधिकारियों के गठन का अधिकार भी उन्हें सौंपा गया। आभार विनीत मंडलोई ने माना। आशीष चटकेले को नारायण नगर, दिनेश पालीवाल, रामचंद्र मोर्य, भूपेंद्र सिंह चौहान, सुनील जैन, संजय दुबे, मंगलेश शर्मा, रीतेश चौहान, मंगलेश तोमर और नारायण बाहेती ने शुभकामनाएं व बधाई दी।

### समाजसेवी ने की शिकायत, विधायक प्रतिनिधि ने संज्ञान लिया

## जिला अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्रों में फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जिला अस्पताल के जन्म प्रमाण पत्र विभाग में फर्जीवाड़े और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। समाजसेवी, यूट्यूबर और इंफ्लुएंसर बबलू राजानी ने इस संबंध में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को शिकायत सौंपी। बबलू राजानी ने बताया कि अस्पताल में पदस्थ बाबू ब्रजेश सिंगला के रिश्तेदार द्वारा हॉस्पिटल के अन्य कार्य अवैध रूप से संभाले जाते है, साथ ही बाबू का कहना है कि खंडवा में साइबर कैफे द्वारा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार कर सरकारी मुहर लगाकर लोगों को दिए जा रहे हैं। इस बात को स्वयं बाबू सिंगला ने कहा है। जिसका वीडियो रिकॉर्डिंग भी हैं। राजानी के अनुसार आम जनता जब जन्म प्रमाण पत्र बनवाने अस्पताल पहुंचती है, तो उनसे पैसे मांगे जाते हैं। पैसा न देने पर विभाग द्वारा इतने जटिल दस्तावेजों की मांग की जाती है कि ग्रामीणों के लिए प्रमाण पत्र बनवाना कठिन हो जाता है। राजानी ने बताया कि पिछले कई दिनों से लोगों की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद उन्होंने स्वयं जांच की और इस पूरे प्रकरण का वीडियो भी रिकॉर्ड किया।

### जांच में घोर अनियमितता सामने आई

*इस मामले में खंडवा विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने भी संज्ञान लिया और जिला अस्पताल पहुंचकर महिला सीएचओ अधिकारी रश्मि कौशल से इस पर जानकारी ली। जांच में घोर अनियमितता सामने आई। तनवे ने कलेक्टर से जांच कराने की बात कही कि साइबर कैफे और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इन भ्रष्ट अधिकारियों और साइबर कैफे संचालक पर कब तक कार्रवाई करती हैं।*

## बालक-बालिकाओं को 76 साइकिल बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव




जिले की स्कूल में 76 साइकिल का वितरण किया। शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव और बालक हायर सेकडरी स्कूल रहटगावं व माध्यमिक शाला खामगांव में बालक और बालिकाओ को सायकल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथी के रुप में गोविंद प्रसाद पालीवाल थे। ग्राम संरपच सुमित्रा सूरज रंगीले, खामगांव सरपंच आनंद सागर, सुनील भिलाला उपस्थित रहे। जिनहोने छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर एंव माला पहनाकर सायकल वितरण की। जिसमे संस्था के दोनो प्राचार्य मनोज मिंज ,सिद्धार्थ जोशी, ध्रुव गौर, गजानंद गौर, संतोष वर्मा, शंकर सेजकर, सुन्दरलाल कुलाहारे दिपा राठौर ,ज्योति नरवरे, अनिता कुशवाहा, एंव दोनो संस्था के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### खालवा बस स्टैंड के पास पिकअप वाहन पर की कार्रवाई

## बिना लाइसेंस 80 बोरी यूरिया का अवैध परिवहन, एफआईआर की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




खालवा क्षेत्र में बिना लाइसेंस के 80 बोरी यूरिया खाद का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की गई है। उपसंचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि खालवा के उर्वरक गुण नियंत्रण निरीक्षक गोरेलाल वास्कले द्वारा पुलिस थाना खालवा में मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि में यह एफआईआर दर्ज कराई गई।

बताया गया कि रात करीब 11:30 बजे खालवा बस स्टैंड के पास एक बोलेरो पिकअप वाहन (क्रमांक MP 12 GA 2194) को रोककर जांच की गई। वाहन से हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड कंपनी की यूरिया खाद के 80 बैग अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे थे। वाहन चालक मनोज पिता गोकुल राठोड निवासी सारोला तहसील पंधाना से जब बिल व वाउचर की मांग की गई, तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस मामले में मनोज राठोड के खिलाफ उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3(2)(अ), धारा 7(3) के तहत बिना अनुज्ञप्ति पत्र और बिना बिल के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 22 से 16 सितंबर तक दस्तक अभियान, दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये जिले में आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में शासकीय अस्पताल टिमरनी में बुधवार को आशा कार्यकर्ताओं का दस्तक अभियान के संबंध में का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान सीबीएमओ डॉ. एम. के. चौरे ने 22 जुलाई से 16 सितम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले दस्तक अभियान को लेकर प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. चौरे ने बताया कि दस्तक अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाने वाला एक अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य 5 साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाली बीमारियों जैसे निमोनिया, कुपोषण, एनीमिया और दस्त की पहचान करना और उनका इलाज करना है। प्रशिक्षण में ब्लाक कम्युनिटी मोबिलाईजर मुकेश बटाने ने आशा कार्यकर्ताओ को 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की लाईनलिस्ट तैयार कर दस्तक पोर्टल पर फीड कराने के लिये निर्देशित किया। बीपीएम श्री सौरभ कौशल ने अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुरुप सभी कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिये कहा। प्रशिक्षण में विकासखण्ड की सभी आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

### दस्तक अभियान में बच्चों की होगी जांच



**खंडवा।** प्रदेशभर में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान और त्वरित उपचार के लिए दस्तक अभियान का पहला चरण 22 जुलाई से शुरू होकर 16 सितंबर तक चलेगा। इसी क्रम में खालवा, पंधाना, किल्लौद और जावर विकासखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और एएनएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में दिया गया। प्रशिक्षण में एम्स के सलाहकार अमित शर्मा ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण और संक्रमण की पहचान कर उनका त्वरित उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी और ओआरएस पैकेट तथा जिंक टेबलेट का वितरण भी किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी रश्मि कौशल ने निर्देश दिए कि जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों की जानकारी दस्तक पोर्टल पर दर्ज की जाए। प्रशिक्षण में अनिता शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, आशीष गीते और डीसीएम राहुल जायसवाल ने भी मार्गदर्शन दिया।

### प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## पीओपी से मूर्ति निर्माण पर प्रतिबंध सिर्फ मिट्टी से बनाई जाएंगी मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत खंडवा नगर निगम सीमा क्षेत्र में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से मूर्तियों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश मूर्ति निर्माण और विसर्जन के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि अब मूर्तियां केवल पारंपरिक मिट्टी से ही बनाई जाएंगी। मूर्तियों को आकर्षक बनाने के लिए प्राकृतिक रेजिन का उपयोग किया जा सकता है। मूर्ति निर्माण कार्य में सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल सामग्री का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मूर्तियों की सजावट और पंडालों में बाँस या पेपर स्ट्रा जैसी पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जाएगा। नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि आनंद नगर क्षेत्र में पुराने आरटीओ ऑफिस के पास या पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे खाली जमीन पर मूर्ति विसर्जन के लिए स्थायी कुंड या तालाब का निर्माण शीघ्र किया जाए। साथ ही, मूर्ति विसर्जन के 24 घंटे के भीतर विसर्जन स्थलों पर उत्पन्न अपशिष्ट को एकत्र कर उसका सुरक्षित निपटान किया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बाल अधिकारों के संबंध में किशोर व ग्रामीणजन को किया गया जागरुक

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




मंगलवार को ग्राम पंचायत मुहालकलां, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौकड़ी, ग्राम पंचायत पाहनपाट एवं ग्राम पंचायत नगावामाल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया तथा पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि बाल अधिकार जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए है। शिविरों में बताया गया कि नालसा की ह्यह्यसाथीह्लह्ल योजना बच्चों की कानूनी पहचान सुनिश्चित करने और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निराश्रित और वंचित बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करना, आधार पंजीकरण और अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ना, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण तक पहुंच सुनिश्चित करना और दीर्घकालिक पुनर्वास और समावेशन को सक्षम करना है। इस योजना के तहत निराश्रित, अनाथ और परित्यक्त बच्चों की पहचान की जाएगी तथा उनके आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। इससे उन्हें न केवल एक पहचान मिलेगी, बल्कि वे समाज की मुख्य धारा से भी जुड़ेंगे। आधार कार्ड बनने के बाद इन बच्चों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

### लोगों तक न्याय की पहुंच मजबूत करने की योजना

*जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने उपस्थित महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों को बताया कि नालसा की योजना जाग्रति ग्रामीण स्तर तक न्याय के प्रति जागरूकता और सूचना पहुंचाने की योजना है। डाउन योजना ड्रग्स मुक्त भारत के लिए जागरूकता फैलाने की योजना है। उन्होने बताया कि नालसा संवाद योजना सामाजिक रूप से कमज़ोर वर्ग, आदिवासी और बंजारा लोगों तक न्याय की पहुंच मज़बूत करने की योजना है। शिविर में इन सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दुबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर विधिक सहायत या सलाह प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा पत्र के माध्यम से, नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर या 15100 पर कॉल कर भी विधिक सहायता आसानी से प्राप्त की जा सकती है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।*